रबर के दाम गिरकर आधे रह गए

बैंकाक • रबर के भाव इस साल गिरकर आधे रह गए हैं। टोक्यो कमोडिटी एक्सचेंज में रबर वायदा सोमवार को 3.40 डॉलर प्रति किलो रह गया। बीते शुक्रवार को रबर प्रति किलो 3.45 डॉलर पर बंद हुआ था जबकि फरवरी में रबर का भाव 6.40 डॉलर प्रति किलो रिकॉर्ड किया गया था। हाल के वर्षों में निर्यातक देशों ने रबर की कीमत तीन डॉलर प्रति किलो के आसपास रखने की कोशिश की है। थाईलैंड की सरकार, डीलरों और औद्योगिक अधिकारियों ने सोमवार को संयुक्त बयान देते हुए कहा कि सीजनल सप्लाई के कम पड़ जाने की वजह से आगे रबर की कीमत 3.0 से 3.5 डॉलर प्रति किलो के बीच रह सकती है। बैंकाक में शनिवार को दुनिया के तीन शीर्ष रबर उत्पादक देश थाईलैंड, इंडोनेशिया और मलेशिया ने हुई बैठक के बाद कहा कि अभी तत्काल तौर पर कीमतों को कम करने के लिए हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है।